Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज़
Published from Ranchi

महाकुंभ : दो करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

PRAYAGRAJ @ PTI : बुधवार को महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर शाम 6 बजे तक दो करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकार ने इस दौरान, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। सुबह से ही महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी रहा। यह जानकारी दी गई है कि काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 13 जनवरी से अब तक 48 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

स्नान करने वालों पर हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा, काटजू रोड पर नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर बरसाए फूल

13 जनवरी से अब तक 48 करोड़ से अधिक लोग कर चुके हैं स्नान, महाशिवरात्रि के दिन संपन्न होगा मेला

सुबह 4 बजे से निगरानी कर रहे थे सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में बने वार रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे थे। उनके साथ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और अन्य अधिकारी भी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर माघी पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा, महाकुंभ में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान के लिए पधारे सभी पूज्य साधु संतों, धमार्चार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है।

पूरा हुआ 10 लाख कल्पवासियों का संकल्प

महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रहे करीब 10 लाख कल्पवासियों का संकल्प माघी पूर्णिमा स्नान के साथ आज पूरा हो गया और वे अपने अपने घरों के लिए प्रस्थान करना शुरू करेंगे। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के संस्थापक और तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने बताया, पिछली पूर्णिमा पर कल्पवास का संकल्प लेने वाले कल्पवासियों का संकल्प आज पूरा हुआ। उन्होंने एक महीने तक सभी यम, नियम और संयम, आदर्श सात्विक जीवन का अक्षरशः पालन करने, भूमि पर शयन करने, तीन बार स्नान करने, स्वयं भोजन बनाकर एक समय भोजन करने, यथोचित दान करने और गुरु की वाणी का श्रवण करने का संकल्प लिया था। उन्होंने बताया, आज वे मां गंगा का पूजन, दीपदान करके उस संकल्प से मुक्त होंगे और दिशाशूल को देखते हुए अपने घरों के लिए प्रस्थान करेंगे।

SHARE

सेंसेक्स	:	76,171.08
निफ्टी	:	23,045.25

SARAFA

सोना	:	8,115
चांदी	:	107.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

नहीं रहे राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सतेंद्र दास

LUCKNOW : बुधवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सतेंद्र दास का लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें इस महीने की शुरूआत में मस्तिष्काघात के बाद एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया, राम मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी सतेंद्र दास जी ने बुधवार को अंतिम सांस ली। उन्हें तीन फरवरी को मस्तिष्काघात के बाद गंभीर हालत में हाई डिपेंडेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया था।

भारत-फ्रांस के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को विकसित करने का आह्वान

मोदी और मैक्रों ने की वार्ता, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर बनी सहमति

NEW DELHI @ PTI : बुधवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एवं पहलों में अपनी सहभागिता को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि वैश्विक एआई क्षेत्र सार्वजनिक हित में लाभकारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण संबंधी परिणाम प्रदान करे।

व्यापक बातचीत के बाद ठोस कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

- सार्वजनिक हित में वैश्विक एआई क्षेत्र के कार्य करने के अच्छे परिणाम पर दिया जोर
- मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के समर्थन को दोहराया

मारसेई में आगमन के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर पर हुई वार्ता

दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए अपनी सुदृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। गौर किया कि यह पिछले 25 वर्षों में क्रमिक तरीके से एक बहुआयामी संबंध में विकसित हुई है। मोदी ने मंगलवार शाम पेरिस से मारसेई के लिए उड़ान भरी थी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम पर और प्रमुख वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर यहां चर्चा की।

मोदी ने मैक्रों को भारत आने का दिया निमंत्रण

एक बयान में कहा गया कि हाल में संपन्न एआई एक्शन समिट और 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की पृष्ठभूमि में साझेदारी का यह क्षेत्र और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश संबंधों के विस्तार की भी वकालत की। राष्ट्रपति मैक्रों ने मारसेई के निकट तटीय शहर कैसिस में प्रधानमंत्री के सम्मान में रात्रिभोज का भी आयोजन किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मैक्रों को भारत आने का निमंत्रण दिया।

बजट सत्र के लिए 5 मंत्रियों को सौंपा गया सीएम के प्रभार वाले विभागों का दायित्व

RANCHI : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह 27 मार्च तक चलेगा। 24 फरवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होगा। 25 और 27 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 28 फरवरी को हिंद सरकार तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेंगे। 3 मार्च को विधानसभा में 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र के लिए मुख्यमंत्री के प्रभार वाले विभागों के सवालों का जवाब देने के लिए पांच मंत्रियों को दायित्व सोपा गया है। मंत्रियों को अधिकृत किया गया है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी चमरा लिंडा को सौंपी गई है। रामदास सोरेन को विधि विभाग, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग, आईटी विभाग का दायित्व दिया गया है। योगेंद्र प्रसाद को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, ऊर्जा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सुदिव्य कुमार को पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का दायित्व मिला है। दीपक बिरूवा को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक व संकल्प आदि सभी प्रकार की विधायी सूचनाओं के उत्तर देने एवं अन्य विधायी कार्य के जिम्मेदारी सौंप गई है। कैबिनेट ने इस बाबत में आदेश जारी कर दिया है।

> ● इस संबंध में कैबिनेट की ओर से जारी किया जा चुका है आदेश

एक साथ महिलाओं के खाते में जाएगी योजना की दो महीने की राशि

PHOTON NEWS RANCHI : मंईयां सम्मान योजना की लाभुक अगली किस्त की प्रतीक्षा बेसब्री से कर रही हैं। जनवरी में दिसंबर महीने की किस्त मिली थी। फरवरी में एक साथ जनवरी और फरवरी महीने की किस्त महिलाओं के खाते में जाएगी। बता दें कि जनवरी माह की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, पर खातों में 2500 रुपये नहीं आए हैं। अब फरवरी माह की डेडलाइन समाप्त होने को है। नियम के मुताबिक हर माह की 15 तारीख तक लाभुकों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर देना है। अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। जल्द किस्त जारी नहीं होने पर भाजपा ने राज्यव्यापी आंदोलन की धमकी दे दी है।

मंईयां सम्मान

- हर माह की 15 तारीख तक लाभुकों के अकाउंट में ट्रांसफर करने हैं ₹2500
- समय पर पैसा नहीं मिलने को लेकर भाजपा ने दी है आंदोलन की चेतावनी

जवाब में सत्ताधारी दलों ने भाजपा पर सवाल खड़े करते हुए विश्वास दिलाया है कि हर लाभुक को पैसे जरूर मिलेंगे। कांग्रेस और झामुमो का दावा है कि फरवरी में 2 महीने की राशि लाभुकों के खाते में जाएगी।

31 मार्च तक बढ़ी आधार लिंक की समय सीमा

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार ने आधार लिंक की समय सीमा को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया है। इससे योजना की लाभुक महिलाओं को राहत मिलेगी और वे अपने खातों में राशि प्राप्त कर सकेंगी। 27 दिसंबर को सभी जिलों को 5225 करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर दी गई। 14 अक्तूबर 2024 को जारी संकल्प के अनुसार, दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक 5900 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान लगाया गया था। बता दें कि यह व्यवस्था अगस्त 2024 से शुरू हुई थी। नवंबर माह तक लाभुकों को 1000 दिए गए थे। लेकिन, विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा सरकार बनने पर गोगो-दीदी योजना के तहत लाभुकों को प्रति माह 2100 देने की घोषणा के जवाब में तत्कालीन सरकार ने 2500 रुपये देने की घोषणा कर दी थी। कैबिनेट से भी प्रस्ताव को पारित करा लिया गया था। सरकार बनने पर वादे को पूरा करते हुए दिसंबर माह की बढ़ी हुई राशि को 6 जनवरी 2025 को जारी किया था।

उपलब्धि | भारत में इस बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए बना टीका

खतरनाक टाइफाइड बुखार से मुक्ति दिलाएगी मिश्रित वैक्सीन

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : टाइफाइड एक प्रकार के अत्यंत खतरनाक बुखार की स्थिति है। विशेषज्ञ डॉक्टर के अनुसार, इस बुखार के लक्षण अक्सर साल्मोनेला टाइफी और सालमोनेला पैराटाइफी-ए बैक्टीरिया से संक्रमित होने के एक या दो सप्ताह के भीतर दिखाई देते हैं। उपचार के साथ टाइफाइड बुखार के लक्षण 3-5 दिनों के भीतर कम होने लगते हैं। अनुपचारित टाइफाइड बुखार अक्सर कुछ हफ्तों के दौरान खराब हो जाता है। संभावित रूप से घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है। बच्चों में टाइफाइड के लक्षण वयस्कों के समान ही होते हैं। शरीर के तापमान में तेज वृद्धि, दर्द, भूख में कमी और पाचन में गड़बड़ी इस बुखार के प्रमुख लक्षण होते हैं। डॉक्टर के अनुसार, टाइफाइड आंत्र छिद्र जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकता है, क्योंकि आंत के बैक्टीरिया पेट में चले जाते हैं और पेट की परत को संक्रमित कर देते हैं। इससे पेट में सूजन आ जाती है। इस स्थिति में संक्रमण रक्त में फैल जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अन्य अंगों में फैलने से पहले सेप्सिस होता है।

सामान्य रूप से इस रोग के इलाज में विशेष प्रकार के एंटीबायोटिक का होता है प्रयोग

राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की है वैक्सीन

वर्तमान में देश में हर साल एक करोड़ से ज्यादा मामले आ रहे हैं सामने

- उपचार के साथ तीन से पांच दिनों के भीतर कम होने लगते हैं लक्षण, उचित तरीके से इलाज नहीं होने पर शरीर में पैदा होती हैं कई जटिलताएं
- बैक्टीरिया के दोनों प्रकार के स्ट्रेन को समाप्त करने के लिए डेवलप हुई वैक्सीनेशन की प्रक्रिया
- आईसीएमआर ने टीका उत्पादन और आगे के परीक्षण शुरू करने की दी है सूचना

जल्द शुरू होगा टीका का परीक्षण

वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक टाइफाइड रोगियों के मामले में भारत शीर्ष पर है। भारत में साल्मोनेला टाइफी और सालमोनेला पैराटाइफी ए दोनों ही स्ट्रेन के मामले हर साल बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। आईसीएमआर ने यह भी बताया कि आगामी दिनों में देश के अलग अलग हिस्सों में इस टीका पर परीक्षण शुरू होंगे। आईसीएमआर ने दावा किया है कि इस टीके के व्यापक उपयोग से भारत सहित पूरी दुनिया में आंत्र ज्वर की घटनाओं में कमी आ सकती है।

अब तक मार्केट में कोई वैक्सीन नहीं

पश्चिम बंगाल स्थित राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने इस टीके के जरिये साल्मोनेला टाइफी और साल्मोनेला पैराटाइफी-ए दोनों ही तरह के संक्रमण से बचाव का दावा किया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि की घोषणा की है। प्राइवेट कंपनियों के लिए जारी आवेदन में आईसीएमआर ने टीके के उत्पादन और आगे के परीक्षण शुरू करने की सूचना दी है। आईसीएमआर के अनुसार, टाइफाइड से बचाव के लिए अभी तक बाजार में कुछ टीके उपलब्ध हैं।

पलामू में रंगदारी मांगते दो अपराधी हथियार के साथ किए गए गिरफ्तार

अपराधी ने बताया कि कर्ज चुकाने के लिए करता था जबरन वसूली

AGENCY PALAMU : रंगदारी मांगते दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी पलामू जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल से हुई है। उनके पास से .315 बोर की एक राइफल, एक भरठुआ बन्दूक, एक केन बम, कपड़े, बैग एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं। अपराधियों की पहचान जिले के पाटन थाना क्षेत्र के मायापुर के उमेश भुइयां (35) और चैनपुर के सेमरा के फिरोज अंसारी (25) के रूप में हुई है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष में एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल में दो व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहे हैं एवं किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर रामगढ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साव के नेतृत्व में टीम बनाकर छापेमारी की । इस क्रम में उमेश भुइयां और फिरोज अंसारी को पकड़ा गया। उमेश के पास से .315 बोर की एक राइफल , एक काला रंग का पीठू बैग और फिरोज अंसारी के पास से एक भरठुआ बन्दूक बरामद हुआ। पीठू बैग खोलने पर एक काले रंग के प्लास्टिक में लपेटा हुआ केन बम मिला। केन बम को निष्क्रिय करने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि उमेश और फिरोज पूर्व में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी से जुड़े हुए थे। इधर कुछ दिनों से आपराधिक संगठन बनाकर जेजेएमपी, माओवादी और आदित्य नाम से ईंट भट्ठा, क्रशर मालिक और अन्य लोगों से रंगदारी मांगते थे। दोनों ने रंगदारी मांगने की बात स्वीकार की है। इनमें से फिरोज पर चैनपुर थाना में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। आगजनी और रंगदारी मामले में भी इसके शामिल रहने की जानकारी मिली है। रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी।

मामले की जानकारी देते एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ● फोटोन न्यूज

पूछताछ में फिरोज ने बताया है कि उसे 20 हजार रूपए महीना कर्ज देना पड़ता है। समूह से ऋण ले रखा है। इसके लिए वह लगातार रंगदारी मांगता था और कर्ज की भरपाई करता था। हालांकि पुलिस की उसकी बातों की सच्चाई जानने और अन्य मामले का पता लगा रही है।

हथियार के साथ जेजेएमपी का उग्रवादी अरेस्ट

AGENCY LATEHAR : जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सनगड़वा गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर जेजेएमपी के उग्रवादी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल और पांच गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार उग्रवादी मनिका थाना क्षेत्र के बरियातू गांव का रहने वाला है। बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी अर्जुन सिंह किसी घटना को अंजाम देने के लिए सनगड़वा गांव के आसपास जमा हुआ है। सूचना के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई और उग्रवादी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी का उग्रवादी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के क्रम में उसके पास से एक पिस्तौल और जिंदा गोलियां भी बरामद हुई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पर मनिका थाना क्षेत्र में उग्रवादी हिंसा से संबंधित दो मामले पहले से ही दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह मुख्य रूप से उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने का काम करता था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी से पूछताछ के क्रम में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी कुमार गौरव ● फोटोन न्यूज

हैदरनगर थाना में भूमि विवाद के निपटारे पर जोर

PALAMU : हैदरनगर थाना अंतर्गत भूमि संबंधी विवादों के निपटारे के लिए थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी, हैदरनगर एवं राजस्व कर्मचारी, मोहम्मदगंज की उपस्थिति में विभिन्न भूमि विवादों की समीक्षा की गई तथा उनके समाधान के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित पक्षों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई और आपसी सहमति से मामलों के निपटारे की पहल की गई। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन सभी भूमि विवादों को निष्पक्ष और त्वरित रूप से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर थाना प्रभारी, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी भी उपस्थित रहे। थाना दिवस का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना और प्रशासन एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है।

BRIEF NEWS

पति की प्रताड़ना नहीं झेल पाई पुष्पा, कर ली खुदकुशी

RAMGARH : रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी सौदागर मोहल्ला में पुष्पा शुक्ला की मौत से पर्दा उठ गया है। पुष्पा कई वर्षों से अपने पति छोटू शुक्ला की ओर से दी जा रही प्रताड़ना झेल रही थी। पुष्पा को उसके पति ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। शायद इसी प्रताड़ना की वजह से उसने खुदकुशी कर ली है। इन सारे तथ्यों का खुलासा तब हुआ जब पुष्पा शुक्ला का भाई ओमप्रकाश रामगढ़ पहुंचा। बुधवार को ओमप्रकाश ने पुष्पा की पिछले 15 वर्षों की कहानी बयां की है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला अंतर्गत मुंशीगंज थाना के बहेलियापुर (सराय बरवंडा सिंह) के रहने वाले ओमप्रकाश ने बताया कि पुष्पा पिता दिवंगत चीनी प्रसाद वर्ष 2010 में ही अपने घर से भाग गई थी। ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2010 में ही पुष्पा शुक्ला घर से भागी थी। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंबाजीत, शुक्ला खपिया निवासी छोटू शुक्ला ने बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया था। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि छोटू कुमार शुक्ला और पुष्पा ने शादी कर ली है। वह दोनों साथ-साथ रह रहे हैं। काफी समय बीतने के बाद बीच-बीच में घर की महिलाओं से पुष्पा की बात होने लगी थी। कुछ वर्षों बाद पता चला कि छोटू शुक्ला, पुष्पा के साथ मारपीट करता है और उसे प्रताड़ित करता है। छोटू कुमार शुक्ला ने पुष्पा को जान से मारने की धमकी दी थी। पुष्पा एक माह पूर्व भी घर की महिलाओं से फोन पर रो कर बात कर रही थी और यह बताई थी कि कभी भी उसकी हत्या छोटू कर सकता है। उसे वह अनजान जगह पर भी रख रहा है। ओमप्रकाश ने बताया कि 10 फरवरी को रामगढ़ थाना प्रभारी ने उन्हें फोन कर पुष्पा की मौत की खबर दी। उन्हें पूरा विश्वास है कि शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की वजह से ही पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मौत के पीछे छोटू कुमार शुक्ला का हाथ है। उन्होंने पुलिस से छोटू शुक्ला एवं अन्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

HAZARIBAG : जिले में संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रविदासिया समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शोभायात्रा संत गुरु रविदास नगर भवन से प्रारंभ होकर पूरे शहर में निकाली गई। रविदास जयंती की अध्यक्षता विनोद कुमार और मंच का संचालन मनीष कुमार ने की। जुलूस नगर भवन से गुरु गोविंद सिंह रोड़, मेन रोड, झंडा चौक, महावीर चौक, ग्वाल टोली चौक, जामा मस्जिद रोड़ होते हुए नगर भवन पहुंचा। वहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद कुमार ने कहा कि हमलोगों को संत रविदास के बताए पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सीताराम रविदास,महासचिव कीर्तन राम, विजय कुमार,सचिव युगेश्वर राम,नन्दु प्रसाद , कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार दास,प्रो भागवत अम्बेडकर, प्रदीप राम, केशव रविदास, जागेश्वर राम, सुशीला देवी,कंचन देवी, प्रमिला देवी सहित कई शामिल थे।

अब 16 डिब्बों के साथ चलेगी वंदेभारत एक्सप्रेस

JAMTARA : वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्रियों की पसंद बनती जा रही है। यात्रियों को वंदेभारत की उच्चस्तरीय सुविधा और तेज गति बेहद रास आ रही है। यात्रियों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 13 फरवरी से हावड़ा और पटना से चलने वाली 22347/22348 हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को आठ की बजाए 16 डिब्बों के साथ चलाने का निर्णय लिया है। यात्री हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का आनंद ले रहे हैं, जो भारतीय रेलवे का सेमी हाई-स्पीड वाली बेहतरीन ट्रेन है। इसका उद्घाटन 24 सितंबर 2023 को किया गया था। ट्रेन का व्यावसायिक परिचालन 26 सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिससे पटना और हावड़ा के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा मिली। 22347/22348 हावड़ा-पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस में 25 नई सुविधाओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला है, जो समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस वृद्धि का उद्देश्य अधिक यात्रियों को समायोजित करना और इस हाई-स्पीड मार्ग पर यात्रा सुविधा को बढ़ाना है।

खेत में लगी फसल को कर दिया नष्ट, 7 बनाए गए आरोपी

RAMGARH : रामगढ़ शहर के मुर्गामकला में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। एक पक्ष के द्वारा मुकदमा हारने के बावजूद भू स्वामियों को तंग किया जा रहा है। उन लोगों ने डेढ़ एकड़ में लगी फसल को भी नष्ट कर दिया है। बुधवार को भू-स्वामी जीवन लाल ने रामगढ़ थाने में शिकायत की है। जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि मुर्गामकला में खाता नंबर 94 प्लॉट संख्या 1154 में 4 एकड़ जमीन उनकी पैतृक भूमि है। जिसमें डेढ़ एकड़ भूमि में उन्होंने टमाटर, लौकी, बैगन, मिर्च, तरबूज आदि की फसल लगा रखी थी। बुधवार को जब वे फसल देखने गए तो देखा कि सभी पौधों को उखाड़ कर फेंका गया है। फसल को रौंदने के लिए पैर एवं लकड़ी का उपयोग किया गया है।

खेत में नष्ट की गई सब्जी की फसल

उन्होंने बताया कि उनके विरोधी पक्षकार शत्रुघ्न प्रसाद, महेश महतो, युगल महतो, लोकनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो और सोनू कुमार के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि 17 जनवरी को भी उन लोगों के द्वारा खेती करने के दौरान बाधा उत्पन्न की गई थी। इस मामले में जीवन लाल ने डीसी चंदन कुमार को भी आवेदन दिया है।

डोमचांच के रूपनडीह में प्रतिमा और झंडा लगाने को लेकर हुई हिंसक झड़प में थाना प्रभारी समेत 6 घायल

संत रविदास की प्रतिमा लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद, समझाने गई थी पुलिस

AGENCY KODERMA : जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रूपनडीह में दो पक्षों में बुधवार सुबह जमकर पत्थरबाजी हुई। यह विवाद मंदिर के बैनर को हटाने और संत रविदास की प्रतिमा को लगाने को लेकर हुआ। इस घटना में मामले को शांत कराने पहुंचे दल डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत लगभग छह से अधिक लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर के सामने झंडा बोर्ड और होर्डिंग लगाया गया है। इसको लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं बुधवार को इसी मामले में दो पक्षों में झड़प के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई। माहौल शांत करने पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को भी पत्थर लगा और वे घायल हो गए। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार और कुछ अन्य लोगों को भी चोट लगी है। बाद में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची विभिन्न थानों की पुलिस ने मोर्चा सम्हाला। लोगों को नियंत्रित करने के लिए लाठी भी भांजनी पड़ी तो वहीं गांव में विभिन्न थानों के पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासनिक पदाधिकारी व इनसेट में घायल लोग ● फोटोन न्यूज

फाइलेरिया की दवा का कई जगह हुआ विरोध, पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद में 10 फरवरी से शुरू हुए फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत खिलाई जा रही दवा का कई जगहों पर लोगों ने विरोध किया है। जागरूकता के अभाव में लोग दवा खाने से परहेज कर रहे हैं। सबसे ज्यादा मामला तोपचांची प्रखंड से आया है। यहां लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने दवा खाने से मना कर दिया है। इनमें अधिकांश विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। अब ऐसे लोगों को जागरूक करने के लिए क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम बुधवार को विभिन्न गांव में पहुंची है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसे लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। और लोगों को दवा खाने की अपील की जा रही है। इसके अलावा झरिया, निरसा, बलियापुर समेत अन्य प्रखंड में भी कई जगहों पर लोगों ने दवा खाने से परहेज किया है। ऐसे लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूक किया जा रहा है।

'दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं संक्रमित मरीज को ही आता बुखार'

जिला फाइलेरिया पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं है, यह पूरी तरीके से सुरक्षित दवा है। उन्होंने कहा कि धनबाद में फाइलेरिया के मच्छर सबसे ज्यादा हैं। आने वाले 10 वर्षों में काफी संख्या में फाइलेरिया के मरीज मिल सकते हैं, ऐसी आशंका सर्वे में जताई गई है। इसी को देखते हुए फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन मरीज में फाइलेरिया का संक्रमण है, वैसे मरीज को खाने पर उल्टी या नींद आने की शिकायत हो सकती है। यह कोई दुष्प्रभाव नहीं, बल्कि फाइलेरिया के परजीवी शरीर में होने से होता है। दवा फाइलेरिया के परजीवी पर वार करता है। मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत धनबाद में 27 लाख लोगों को दवा खिलानी है। इसके लिए लगातार केंद्र और राज्य की टीम निगरानी कर रही है। 25 फरवरी तक यह दवा लोगों को घर-घर जाकर खिलाई जाएगी।

बलिदानी जवान के लिए डीसी ने जताई संवेदना

HAZARIBAG : जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा) के पास लालोली इलाके में सेना की गश्ती के दौरान आईईडी (इंप्रोवाइड्स एक्सप्लोसिव डिवाइस) ब्लास्ट में हजारीबाग के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी बलिदान हो गए हैं। डीसी नैन्सी सहाय ने कहा कि यह क्षण दुखित करने वाला है। मेरी पूर्ण संवेदनाएं अमर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों के साथ है। वीर शहीदों की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें ऐसे वीर सपूत पर गर्व है।

शहीद के पिता अजेंद्र सिंह ने बताया कि जिस समय उन्हें बेटे की शहादत की सूचना मिली, वे पत्नी के साथ एक शादी में थे। अजेंद्र के दो संतानों में कैप्टन कमरजीत बड़े थे। उनकी एक बेटी है, जो अभी पढ़ाई कर रही है। अजेंद्र सिंह ने कहा कि बेटे को शुरू से ही आर्मी में जाने का जुनून था। पांच अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी। लड़की भी आर्मी में डॉक्टर है। सुबह से ही उनके घर पर विधायक प्रदीप प्रसाद, कांगेस नेता मुन्ना सिंह सहित कई लोग आए।

प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ा, कराई शादी

युवती को माला पहनाता युवक ● फोटोन न्यूज

LOHARDAGA : जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के जनवल गांव में प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल की शादी करा दी गयी। इसे देखने के लिए गांव में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि जनवल गांव निवासी पंचम राम की पुत्री रोशनी कुमारी, हरिचरण राम के पुत्र महावीर राम के साथ तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार को सुबह में प्रेमिका के घर के समीप से प्रेमी मिलने आया। ग्रामीणों ने दोनों प्रेमी-प्रेमिका को घर में पकड़ लिया। इसके बाद काफी वाद विवाद के बाद ग्रामीणों के समक्ष प्रेमी-प्रेमिका को लाया गया और ग्रामीण, एवं जनप्रतिनिधियों के मौजूदगी में गांव में पंचम राम के घर के समीप दोनों की शादी करवा दी गयी।

शादी के बाद प्रेमी युगल ने पाहन का आशीर्वाद लिया।

26 जनवरी 2026 तक जिला को कचरा मुक्त बनाना लक्ष्य : डीसी उत्कर्ष गुप्ता

कम्पोस्टिंग यार्ड से बदलेगी लातेहार की सूरत, दीदियां बनेंगी मास्टर ट्रेनर

PHOTON NEWS LATEHAR: राजकीय बुनियादी विद्यालय, लातेहार में बुधवार को सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) प्रोजेक्ट अंतर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड स्थापित किया गया, जिसका उद्घाटन मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि मिशन मोड में लातेहार जिले में इस ग्रीन एंड क्लीन लातेहार मिशन की शुरूआत की गई है, हम सबसे पहले अपने चुने हुए ब्लॉक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू करेंगे। इसका उद्देश्य जैविक व अजैविक कचरा प्रबंधन करना है। जिला अंतर्गत गांव, पंचायतों में उत्पन्न ठोस व तरल अपशिष्टों का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करता है। बेरोजगार युवाओं को आय प्रदान करने में मददगार साबित होगा।

आगे उन्होंने बताया कि 36 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाओं को एसएलआरएम मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमटीटीपी) में शामिल किया गया। एसएचजी दीदियां मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी, अपने अपने पंचायतों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद इन्हें 90 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बाकी जो ठोस कचरा है, उसका प्रबंधन कैसे किया जाना है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 26 जनवरी 2026 तक लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के सफलता के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। इस मौके पर भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख, मुखिया ,पंचायत सचिव, पर्यावरण कार्यकर्ता, समाजसेवी समेत अन्य उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ● फोटोन न्यूज

कचरा प्रबंधन में तकनीक का करें इस्तेमाल : विधायक रामचंद्र सिंह

समाहरणालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही।

गीले कचरे से बनेगी खाद, सूखे का होगा पुनर्चक्रण : उपायुक्त

इसी क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले के विभिन्न पंचायतों में कचरा जमा होने की ज्वलंत समस्या को हल करने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। जिले में ठोस एवं तरल संसाधन प्रबंधन (एसएलआरएम) अंतर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड स्थापित किया गया है। कम्पोस्टिंग यार्ड में एकत्र किए गए गीले कचरे से खाद बनाया जाएगा और सूखे कचरे को अलग करके पुनर्चक्रित किया जाएगा।

अपशिष्ट पृथक्करण पर विशेष ध्यान देना जरूरी : श्रीनिवासन

सॉलिड एण्ड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन ने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार के अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक तरीके से हल किया जा सकता है।

BRIEF NEWS

38 सीनियर डीएसपी को दी गई प्रोन्नति

RANCHI : झारखंड पुलिस के 38 सीनियर डीएसपी रैंक के अधिकारी को प्रोन्नति मिली है। इन सभी डीएसपी को ग्रेड पे 6600 पुनरक्षित वेतनमान लेवल 11 में प्रोन्नति दी गई है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। प्रोन्नति पाने वाले में मजरूल होदा, अनूप कुमार बड़ाइक, समीर कुमार तिर्की, बचनदेव कुजूर, रजत माणिक बाखला, सतीश चंद्र झा, पुरूषोतम कुमार सिंह, केवी रमण, प्रमोद कुमार केसरी, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा कुमार मित्रा, राज किशोर, अजीत कुमार विमल, चंदन कुमार वत्स, ज्ञान रंजन, कौशर अली, अमर कुमार पांडे, मनोज कुमार महतो, रणवीर सिंह, मनोज कुमार झा, अभिषेक कुमार, धीरेंद्र नारायण बंका, ओमप्रकाश तिवारी, सुदर्शन कुमार आस्तिक, संजय कुमार, विजय कुमार महतो, दीपक कुमार, श्रद्धा केरकेट्टा, समीर कुमार सवैया, आनंद ज्योति मिंज, सुनील कुमार रजवार, दिलीप खलखो, जीतवाहन उरांव, जयदीप लकड़ा, अजय केरकेट्टा और संजीव कुमार बेसरा शामिल है।

66 लाख परिवारों को मिलेगा आयुष्मान भारत का लाभ

RANCHI : केंद्र सरकार की स्वास्थ्य संबंधी महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का लाभ झारखंड के 66 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगा। जैसा कि हम जानते हैं, इस योजना के तहत सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। नई बीमा अवधि में 534 नए पैकेज शामिल किए गए हैं। पुराने पैकेजों के रेट को भी रिवाइट किया गया है। उच्च अंत प्रक्रियाएं, उच्च अंत दवा, और उच्च अंत निदान की प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं। टीएमएस 2.0 वर्जन को लागू किया गया है। इससे अस्पतालों को काम करने में सुविधा मिलेगी।

मारवाड़ी युवा मंच ने की गौसेवा

RANCHI : बुधवार को मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा ने हरमू रोड स्थित रांची गौशाला न्यास में गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सदस्यों एवं उनके परिवार वालों ने ताजा पालक, रोटी और गुड़ खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल और असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। उल्लेखनीय है कि मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल , सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित थे।

रांची के डोरंडा थाना में तैनात सिपाही की मौत

RANCHI : राजधानी रांची के डोरंडा थाना में तैनात सिपाही गजेंद्र कुमार यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह मूल रूप से गोड्डा जिले के रहने वाले थे।सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, गजेंद्र कुमार यादव लंबे समय से बीमार थे और कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे।

नवनिर्मित भवन का उद्घाटन कर बोलीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

अब तक सैकड़ों लोगों की मांडर रेफरल अस्पताल ने बचाई है जान

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर रेफरल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मांडर रेफरल अस्पताल ने अब तक सैंकड़ों लोगों की जान बचाई है और यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करता है। समय के साथ अस्पताल भवन का भी नवीनीकरण जरूरी था। आज 9 करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपये की लागत से नए भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। मंत्री ने इस भवन के उद्घाटन के साथ-साथ अस्पताल की उन्नति की दिशा में और भी प्रयास करने की बात कही। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर का नाम इस अस्पताल से जुड़ा है। लेकिन, यह अस्पताल न केवल मांडर बल्कि खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए भी इलाज का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। यहां लोग बेहतर चिकित्सा सेवाओं के लिए रोजाना आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल के नए भवन के साथ-साथ उच्चतम स्तरीय चिकित्सा उपकरणों की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि गंभीर बीमारियों के लिए लोग बड़े अस्पतालों का रुख करते है।

क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करता है यह हॉस्पिटल

आवश्यकता के अनुसार समय के साथ अस्पताल भवन का जरूरी था नवीनीकरण

- 9 करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपये की लागत से नए भवन का हुआ निर्माण
- अब उच्चतम स्तर के चिकित्सा उपकरणों की भी की जाएगी व्यवस्था

ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इसके अलावा कृषि मंत्री वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वे प्रभावित हुईं और उन्होंने बच्चों से अच्छा प्रदर्शन करने के अलावा भविष्य में अपने सपनों को पूरा करने की अपील की।

सभी लोगों का ध्यान रखना जरूरी

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम सभी का ध्यान रखना जरूरी है। अगर हम और आप स्वस्थ रहेंगे तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण भी संभव है। मेरा यह प्रयास हमेशा रहेगा कि इस अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड किया जाए। इस दौरान उन्होंने बूढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी मंत्री ने भाग लिया। इस मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। हमारा प्रयास यह है कि बाकी सभी उपचार यहां किए जा सकें।

स्पेशल ब्रांच के दारोगा की हत्या के आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को पुलिस ने स्पेशल ब्रांच के सब-इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप के मर्डर के आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने जेल में बंद भोला सिंह, गौतम यादव, संजय सिंह, सुग्रीम सिंह, राजेश महतो और राजेंद्र महतो के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य और जांच के आधार पर कांड को सत्य बताते हुए चार्जशीट दाखिल की है। इस हत्याकांड के आइओ (अनुसंधानकर्ता) ने कोर्ट में 51 गवाहों की सूची और अन्य साक्ष्य भी जमा किये हैं। इस हत्याकांड की अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि घटनास्थल और आरोपियों के पास से पुलिस ने जो खोखा और गोलियां बरामद की थीं, वह एक समान है। इससे यह प्रतीत होता है कि उक्त अभियुक्तों ने ही सोची समझी साजिश के तहत सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या की।

डीजल चोरों के गिरोह ने मारी थी गोली

बता दें कि पिछले वर्ष दो अगस्त को स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को डीजल चोर के गिरोह ने अंजाम दिया था। घटना की रात दारोगा बर्थडे पार्टी मनाकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान चोर किसी टैंकर से डीजल चोरी कर रहे थे। अपनी ड्यूटी निभाते हुए दारोगा ने रोक-टोक की तो डीजल चोर गिरोह उनसे उलझ गया और हत्या की घटना को अंजाम दिया।

हेमंत सरकार ने लाभार्थियों के लिए खड़ी की समस्याएं

झारखंड में अव्यावहारिक है आयुष्मान योजना का नया नियम : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के आयुष्मान भारत योजना के नए नियम को लेकर कड़ी आलोचना की है। मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की थी, जो कि दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। लेकिन, राज्य सरकार के हालिया फैसले ने इस योजना के लाभार्थियों के लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने आयुष्मान भारत के तहत एक नया नियम जारी किया है, जिसके मुताबिक केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही इस योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जाएंगे, जो खासकर गरीब और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य स्रोत हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे गरीब मरीजों को इलाज के लिए महंगे और दूर-दराज के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा, जो उनके लिए आर्थिक रूप से कठिन होगा। बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए कहा कि यह निर्णय गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सीमित कर देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कहीं कोई गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लेकिन ऐसा कोई आदेश न दिया जाए, जिससे गरीबों को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े।

सरकार से पुनर्विचार की अपील

माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़

RANCHI : बुधवार को माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए।

सेंटर में घुसे तीन अपराधी, की मारपीट, इसके बाद दिया घटना को अंजाम

एसबीआई के सीएससी संचालक से दिनदहाड़े पांच लाख रुपये की लूट

CRIME REPORTER RANCHI : बुधवार को तमाड़ में तीन अपराधियो ने दिनदहाड़े पांच लाख रुपये लूट लिए। लूट की वारदात को एसबीआई के सीएससी संचालक के तमाड़ सेंटर पर अंजाम दिया गया है। सीएससी संचालक शिवचरण महतो ने बताया कि वह हर दिन की तरह बुधवार को सेंटर खोल कर अंदर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी उनके सेंटर में आ धमके और आते ही उन्होंने सबसे पहले सेंटर का दरवाजा बंद कर दिया। फिर उनके साथ मारपीट करते हुए काउंटर में रखे करीब पांच लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। शिवचरण ने बताया कि अपराधियों के भागने के बाद वह तुरंत तमाड़ थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी, हालांकि जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती तीनों अपराधी फरार हो चुके थे। मामले में शिवचरण के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश कर रही है। इसके अलावा रांची-टाटा रोड से गुजरने वाली सभी सड़कों पर चेक पोस्ट स्थापित कर तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा सीएससी में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी मिलने पर पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद है लूटपाट करने वाले अपराधियों की तस्वीर

एक मंच पर जुटे आदिवासी मुंडा समाज के लोग व धार्मिक अगुवा

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को खूंटकटी मुंडा धर्म सभा और सरना संगोम खूंटी के आह्वान पर राज्यभर से एक मंच पर आदिवासी मुंडा समाज और धार्मिक अगुवाओं का महाजुटान हुआ। इसमें ओडिशा, बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम समेत स्थानीय सैकड़ों खोड़हा मंडली शामिल हुईं। मुख्य पाहन अरविंद पाहन के नेतृत्व में सैकड़ों पाहनों ने कोम्पाट और आदि शक्ति की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य का एकमात्र मुंडा जनजाति है, जिसके नाम से खतियान बना और छोटानागपुर का मुंडा जनजाति प्रकृति शक्ति का मुख्य पुजारी है। मुंडा जनजाति पंचायत का प्रमुख होता है और गांव तथा पड़हा व्यवस्था का संचालन करने में निपुण होते हैं।वक्ताओं ने यह भी कहा कि आज मुंडा समाज पर आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और व्यवसायिक तरीके से हमले हो रहे हैं। इसके लिए गांव, पंचायत, शहर और जिला स्तर पर मुंडाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक होना होगा। तभी मुंडा समाज पर हो रहे हमलों को रोका जा सकता है। मुंडा समाज की अपनी मुंडारी भाषा है, जो राज्य में सबसे अधिक बोली जाने वाली जनजातीय भाषा है, लेकिन आज तक इसे आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है।

रांची में तापमान औसत से अधिक, रुलाएगी गर्मी

RANCHI : राजधानी रांची में इस वर्ष भी गर्मी सताएगी। फरवरी माह में रांची में अधिकतम तापमान औसत से अधिक रिकॉर्ड की जा रही है। राजधानी में यदि पिछले चार दिनों की बात की जाए तो बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.5 डिग्री अधिक है। वहीं मंगलवार को 2.5 डिग्री अधिक, सोमवार को 3.8 डिग्री अधिक, जबकि रविवार को राजधानी में औसत तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वर्ष रांची के अलावा राज्य के कई शहरों में अभी से ही तापमान में काफी बढोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसमें सरायकेला, चाईबासा, जमशेदपुर, डालटेनगंज प्रमुख रूप से शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लगातार तापमान में बढोत्तरी से संभावना है कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी रांची में प्रचंड गर्मी पडी थी, जिससे आम जन जीवन परेशान हो गया था।

कांग्रेस ने मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती

मजबूत संगठन बनाने के लिए समाज को करना होगा जागरूक : केशव कमलेश

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से केदार पासवान की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता है। खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके विचारों के अनुसार संगठित होकर समाज में आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आज अनुसूचित जाति के लोगों को अपने बारे में सोचने की आवश्यकता है,समाज का अन्य वर्ग उन्हें आगे बढ़ना चाहता है लेकिन कोशिश उन्हें स्वयं करना होगा। समाज के मुख्य धारा में आगे रखने के लिए संविधान में उन्हें अधिकार प्रदान किए गए हैं उन अधिकारों के बारे में उन्हें जानना होगा, संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाज के बीच जाना होगा और उन्हें जागरूक करना होगा। कांग्रेस हमेशा से दलित वर्ग के उत्थान के लिए आवाज उठाती है, कांग्रेसनीत सरकारों में कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की गई थी जिसने अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक स्तर को मजबूत किया।

गैर पुलिसकर्मियों को भी दी जाएगी नए आपराधिक कानून की ट्रेनिंग

RANCHI : गैर पुलिसकर्मियों को भी नए अपराधिक कानून की ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें डॉक्टर, नर्स, सहायक चिकित्सक आदि शामिल हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसएसपी और एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी एंड आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में लिए गए निर्णय के अनुसार, प्रत्येक जिला में गैर पुलिसकर्मियों को नये आपराधिक कानून के तहत उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षित किया जाना है। ऐसे में अपने-अपने जिला में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए पुलिस मुख्यालय को जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। दूसरी तरफ पुलिस मुख्यालय ने जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया है कि वे कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन सुनिश्चित करें।

पहले की अपेक्षा बाइक के लिए दोगुना और कार के लिए 50% अधिक देना पड़ेगा चार्ज

रांची नगर निगम बढ़ाएगा वाहनों की पार्किंग का शुल्क

PHOTON NEWS RANCHI : अब अगर आप रांचु नगर निगम के वाहन पड़ाव स्थल पर अपना वाहन खड़ा करेंगे तो अधिक चार्ज देना पड़ेगा। इस संबंध में नगर निगम की ओर से नई व्यवस्था जल्द लागू कर दी जाएगी। नई व्यवस्था में दो पहिया वाहन के लिए पांच के बदले 10 रुपये देने होंगे। इसी तरह चारपहिया वाहन चालक को 20 के बजाय अब 30 रुपये पड़ाव शुल्क देने होंगे। पड़ाव स्थल पर गाड़ी खड़ा करने वालों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी बहाल की जाएंगी। दोनों तरह के वाहनों के लिए तय शुल्क पहले तीन घंटे के लिए होगा। दस मिनट तक के लिए वाहन पड़ाव निःशुल्क होगा। इसके पहले दो पहिया वाहन के लिए प्रति तीन घंटा के लिए पांच रुपय और चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपए लगते थे। निगम द्वारा नए स्तर से बंदोबस्ती को लेकर संवेदक के साथ एकरारनामा होते ही बढ़ी हुई दर प्रभावी हो जाएगी। निगम की ओर से ई-ऑक्शन के जरिए अभी 14 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती कर दी गई है। शेष 15 पड़ाव स्थल की जल्द ही बंदोबस्ती हो जाएगी।

जल्द लागू होगी नई व्यवस्था, कई तरह की सुविधाएं भी की जाएंगी बहाल

पहले मोटरसाइकिल के लिए लगते थे ₹5 व चारपहिया वाहनों के लिए ₹20

बस स्टैंड की दुकानों का किराया बढ़ा

नए बंदोबस्तधारी के साथ एकरारनामा होते ही नया शुल्क प्रभावी हो जाएगा। ज्यादा शुल्क लेने और मनमानी की तत्काल शिकायत की जा सकेगी। ठेकेदारों की मनमानी पर जांच के बाद रोक लगाई जाएगी। 15 वाहन पड़ाव स्थलों के लिए फिर से निविदा निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार, खादगढ़ा में बिरसा मुंडा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में 15 एसीसी दुकान का किराया भी दस प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। बढ़ी दर पर ही उक्त दुकान का तीन साल के लिए नवीनीकरण किया गया है।

पार्किंग में मोटे अक्षरों में लगेगा सूचना पट्ट

रांची नगर निगम सभी पड़ाव स्थल पर नए सिरे से सूचना पट्ट लगाएगा। इसमें मोटे अक्षर में बंदोबस्तधारी का नाम, ठेका की अवधि, वाहन की प्रकृति के अनुसार तय शुल्क, चौहद्दी और मोबाइल नंबर अंकित रहेगा। निगम की समन्वय परामर्श समिति की पिछले दिन प्रशासक संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

नहीं चलेगी मनमानी

शहर के 29 वाहन पड़ावों का ठेका लेने वाले बंदोबस्तधारी की मनमानी पर अंकुश के लिए निगम की ओर से पहल की गई है। अब किसी स्तर से वाहन खड़ा करने वालों के साथ मनमानी और बदसलूकी करना बंदोबस्तधारी को महंगा पड़ेगा। बंदोबस्तधारी के खिलाफ किसी तरह की शिकायत के लिए निगम में कोषांग बनेगा, जहां प्रभावित व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक, संजय कुमार ने कहा कि रांची नगर निगम के नियंत्रणाधीन वाहन पड़ाव स्थल के शुल्क में लंबे समय के बाद मामूली वृद्धि की गई है।

नेशनल गेम में लॉन बॉल के स्वर्ण पदक विजेता को विधायक ने दी बधाई

RANCHI : देहरादून में आयोजित नेशनल गेम 2025 में लॉन बॉल में झारखंड की ओर से खेलते हुए वसीम अकरम ने स्वर्ण पदक जीता। वसीम अकरम कांके की मिल्लत कॉलोनी निवासी कांके कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान के छोटे भाई हैं। लॉन बॉल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घर लौटने पर उनसे मिलने उनके प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा भी वसीम के घर पंहुचे। विधायक ने वसीम को बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर अफजल मंसूरी,फिरोज अहमद,मो. शमीम,सरफराज खान,आमिर खान,बिनोद साहु,गौरी शकंर महतो और शकील आजाद सहित कई लोग थे।

मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स की परीक्षा में लहराया परचम

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में ब्राम्बे के जाहिर ग्राम स्थित मदर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई)-2025 की प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल के छात्र हर्षवर्धन सिंह, श्रेयांश, दिव्यांशु साहू, शौर्य गुप्ता, समीर गौतम, आदित्य अरुण, प्रांशु कुमार व आदित्य कुमार ने जेईई मेन्स 2825 में क्वालिफाई किया है। सभी छात्रों ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों सहित स्कूल के शिक्षकों और प्राचार्य को दिया। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल की प्राचार्य डॉ.रोमी झा व स्कूल के प्रबंध निदेशक अंबुज कुमार झा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

समाचार सार

इर्विन स्कूल के वार्षिक खेलकूद में दिखी प्रतिभा

GHATSILA : इर्विन एडवेंटिस्ट स्कूल, गोपालपुर घाटशिला में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियागिता हुई, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बेहतर प्रदर्शन के लिए ऋषि कुमारी, मोनाली शेखर, ध्रुव कुमार, रेशल अंगलिना स्वांसी, कुनवर मुर्मू, कुनी हांसदा, जसोन मुर्मू, पूजा हो, शाइन टुडु को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य जॉर्ज रंजित हेम्ब्रम, ट्रस्ट के निदेशक शामुएल जोगेन्द्र हेम्ब्रम, सचिव दिना मेरी हेम्ब्रम, प्रशासक सुरेश चौहान सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

डीआरएम के नाम सौंपा मांगपत्र

GHATSILA : धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज को दक्षिण दिशा में विस्तारित करने, अंडरपास निर्माण की परेशानी, इस्पात और स्टील एक्सप्रेस के ठहराव आदि की मांग पर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद स्टेशन मास्टर के माध्यम से डीआरएम, खड़गपुर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धालभूमगढ़ रेल यात्री कमेटी का कहना है कि विगत दो वर्षों से डीआरएम द्वारा आश्वासन देने के बावजूद भी फुट ओवरब्रिज तथा अंडरपास का काम शुरू नहीं हो रहा है, जिसमें खासकर दक्षिणी दिशा में अवस्थित जीएनडी महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा कई गांव के लोगों को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन आर-पार करना पड़ रहा है। इस मौके पर प्रो. सतीश चंद्र सिंघो, राजेश मन्ना, भीम चरण हांसदा, सोबान मांगी, साधु मुंडा, सतीश हांसदा, हरेश कालिंदी, उपासनीय सरदार, हर प्रसाद सोलंकी, प्रताप तिवारी, सुजीत जाना सहित अन्य रेल यात्री कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

अनुमंडल अस्पताल में शुरू हुआ ऑपरेशन

GHATSILA : अनुमंडल अस्पताल में बुधवार को ऑपरेशन शुरू हो गया। यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा गायनिक विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा तथा निश्चेतक डॉ. रामचंद्र सोरेन की सेवा ली जा रही है। इसके साथ ही, अस्पताल में पहले चरण में केवल गर्भवती का ऑपरेशन किया जाएगा। सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा मिलने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। फिलहाल, यहां इमरजेंसी सर्जरी की सुविधा नहीं मिलेगी। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी सह उपाधीक्षक डॉ. आर. एन. सोरेन ने बताया कि सिजेरियन डिलीवरी की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विधायक ने किया स्कूल भवन का शिलान्यास

CHAKRADHARPUR : उर्दू टाउन मिडिल स्कूल में बुधवार को नए भवन का शिलान्यास विधायक सुखराम उरांव ने किया। उद्घाटन के अवसर पर पं. लक्ष्मीकांत दूबे ने पूजा और मौलाना मुफ्ती अल्ताफ ने इबादत की। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जामा मस्जिद के पेशइमाम हाजी मुफ्ती अल्ताफ हुसैन ने की। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव बैरम खान, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, अंजुमन के उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, कोषाध्यक्ष मो तौकीर, झामुमो नगर अध्यक्ष दिनेश जेना सहित कई लोग उपस्थित थे।

धूमधाम से मनी रविदास जयंती, निकली शोभायात्रा

CHAKRADHARPUR : माघ पूर्णिमा पर बुधवार को चक्रधरपुर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर के वार्ड संख्या 8, शीतला मंदिर कुंभा टोला स्थित रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर से शाम को शोभायात्रा निकाली गई, जो कुंभा टोला से शहीद भगत सिंह चौक, मेन रोड, पवन चौक से गुरुद्वारा पहुंची। यहां शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां से बाटा रोड होते हुए शीतला मंदिर कुंभा टोला पहुंच कर शोभायात्रा की समाप्ति हुई। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। संत रविदास से संबंधित भजन प्रस्तुत किए जा रहे थे। इस मौके पर झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी, भाजपा नेता पवन शंकर पांडेय, राजू प्रसाद कसेरा, जीतन विश्वकर्मा, अशोक दास, देवेन मंडल समेत कई लोगों ने संत रविदास को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

माघी पूर्णिमा पर लगा भंडारा

CHAIBASA : माघी पूर्णिमा पर बुधवार को जेएमपी चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया गया। इससे पहले मंदिर में सदर बाजार निवासी अशोक कुमार राय व अधिवक्ता अभिषेक राय ने पूजा-अर्चना व हवन किया। भंडारा में मंत्री दीपक बिरुवा, उद्यमी मुकुंद रुंगटा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, त्रिशानु राय आदि थे।

दर्दनाक सड़क हादसा : जेम्को में स्कूटी सवार पिता व पुत्री की मौत, बेटा घायल

ट्रेन छूट जाने पर टाटानगर रेलवे स्टेशन से लौटते समय अज्ञात वाहन ने कुचला

दुर्घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त स्कूटी व टायर जलाकर रोड जाम करते लोग ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को में मंगलवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बारीगोड़ा, जनता पथ निवासी कृष्णा कुमार शर्मा (38) अपनी बेटी अंजलि कुमारी (19) और बेटे विक्की कुमार (18) के साथ रात करीब 1 बजे टाटानगर स्टेशन गए थे। अंजलि को रांची में आयोजित एसएससी-एमटीएस परीक्षा देने जाना था और उसे क्रियायोग एक्सप्रेस पकड़नी थी, लेकिन ट्रेन छूट जाने के कारण तीनों घर लौट रहे थे। जेम्को चौक के पास अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कृष्णा कुमार और अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विक्की कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

कृष्णा कुमार जोजोबेड़ा स्थित सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत थे, जबकि अंजलि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। विक्की कुमार 9वीं कक्षा का छात्र है। इस हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

सड़क किया जाम, टायर जलाकर विरोध

बारीगोड़ा निवासी न्युवोको सीमेंट प्लांट के ठेका कर्मी कृष्णा शर्मा और उनकी बेटी अंजलि कुमारी की सड़क हादसे में मौत के बाद, स्थानीय लोगों ने गुस्से में जेम्को चौक पर जाम लगा दिया और सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया। उनका आरोप था कि पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि स्कूटी को किस वाहन ने टक्कर मारी। लोग दोषी ड्राइवर की गिरफ्तारी और वाहन जब्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को हटाने का प्रयास किया। मजिस्ट्रेट और क्यूआरटी भी घटनास्थल पर बुलाए गए थे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांति स्थापित की और आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार करेगी और सरकारी मुआवजा भी मृतकों के परिवार को दिया जाएगा।

12 चक्का ट्रक ने मारी थी टक्कर

बताया जा रहा है कि हादसा 12 चक्का सीमेंट लादे ट्रक की टक्कर से हुआ था। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि इस इलाके में ट्रक तेज रफ्तार से चलते हैं और सड़क के किनारे खड़े रहते हैं, जिससे हादसे की संभावना बढ़ जाती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस इलाके में ट्रकों की रफ्तार पर रोक लगाई जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

जमशेदपुर लोकल ट्रेलर ओनर यूनियन ने शुरू की भूख हड़ताल, मांगी सुविधा

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर लोकल ट्रेलर ओनर यूनियन ने ड्राइवरों की मांग को लेकर अनिश्चित्कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इनके द्वारा टाटा स्टील बमार्माइंस पार्किंग गेट के समक्ष भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। बता दें कंपनी प्रबंधन के समक्ष विगत एक वर्ष से लगातार इनके द्वारा मांग उठाई जा रही थी, लेकिन इनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा था। मुख्य रूप से ड्राइवरों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन, मेडिक्लेम की सुविधा, छुट्टी का पेमेंट और वाहन मालिकों के रेट मे 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग को लेकर इनके द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन में तकरीबन डेढ़ हजार ड्राइवर वाहन का स्टीयारिंग छोड़ कर हड़ताल में शामिल हो गए हैं। तमाम वाहन रुक जाने से निश्चित तौर पर कंपनी के प्रोडक्शन पर असर पड़ना शुरू हो गया है, टाटा स्टील के अलावा सीआरएम बारा, टीएसडीपीएल, टाटा टिनप्लेट समेत टाटा स्टील की कई अनुषंगी इकाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। यूनियन के अध्यक्ष जय किशोर सिंह ने कहा कि ड्राइवरों के मौलिक अधिकारों की मांग को रखा गया है। इस बार मांगें पूरी होने के उपरांत ही आंदोलन समाप्त होगा। वैसे भूख हड़ताल और धरने को लेकर पार्किंग स्थल पर गहमागहमी का माहौल देखा गया, जहां कंपनी के पदाधिकारी व वेंडर भी पहुंचे।

हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते यूनियन नेता व सदस्य ● फोटोन न्यूज

शब-ए-बारात को ले शहर में आज रहेगी नो एंट्री

मुंशी मोहल्ला मस्जिद, मानगो

JAMSHEDPUR : शब-ए-बारात का पर्व शहर में गुरुवार की रात को मनाया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपसी किशोर कौशल और डीएसपी ट्रैफिक के संयुक्त आदेश से शहर में नो एंट्री लगाई गई है। नो एंट्री 13 फरवरी को शाम छह बजे से शुरू हो जाएगी। यह नो एंट्री शुक्रवार को यानि और 14 फरवरी को सुबह छह बजे तक रहेगी। नो एंट्री से यात्री बसों को छूट दी गई है। यात्री बसें शहर में आवागमन कर सकती हैं। जबकि, बड़े व्यवसायिक वाहनों को शहर के बाहर ही रोक दिया जाएगा। यह वाहन मानगो में डिमना चौक, पारडीह चौक आदि इलाके से अंदर नहीं आने दिए जाएंगे। गौरतलब है कि गुरुवार की रात को शब-ए-बारात का पर्व है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग रात भर इबादत करेंगे।

पति पर लगाया अवैध संबंध का आरोप, महिला आयोग से गुहार

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर निवासी ट्रेन मैनेजर की पत्नी और दो बेटियों ने राष्ट्रीय महिला आयोग से इंसाफ की गुहार लगाई है। बेटियों का आरोप है कि उसके पिता का एक महिला से अवैध संबंध है। बेटियां अपने पिता से बेटी होने का अपना अधिकार मांग रही हैं। पति और पिता छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल मंडल के गुड्स ट्रेन मैनेजर शरत कुमार शर्मा हैं। शरत कुमार शर्मा पर आरोप है कि उसका एक महिला के साथ अवैध संबंध है। इसके कारण वह अपनी पत्नी और दो बेटियों को अपने साथ नहीं रखता है, ना उनकी परवरिश का खर्च उठाता है। शरत कुमार शर्मा पर आरोप है कि वह अपनी पत्नी की पिटाई भी करते हैं। पत्नी प्रभा शर्मा का आरोप है कि पिटाई से उनकी नाक से लेकर कमर की हड्डी तक टूट गई थी। सास कहती है कि वह जीते जी अपने बेटे को उसके साथ रहने नहीं देगी। उससे तलाक कराकर बेटे की दूसरी शादी कराएगी। उसकी देवरानी ने भी उस पर मारपीट का एक झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभा शर्मा ने बताया कि वह अकेली बिलासपुर में पति के रेलवे क्वार्टर में रहती है, जबकि पति शरत शर्मा किराए के मकान में दूसरी महिला के साथ रहते हैं।

अपनी पीड़ा बताती महिला

सीआरपीएफ का वाहन पलटा, आठ हुए घायल

अस्पताल में भर्ती घायल जवानों को देखने पहुंचे एसपी आशुतोष शेखर (दाएं)

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के लिए सीआरपीएफ जवानों को लेकर जा रहा पिकअप वाहन लोंजो घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गया है। इस घटना में 8 जवान घायल हो गए हैं। घायल सभी जवान सीआरपीएफ 60 बटालियन के हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए सोनुवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद सभी घायल जवानों को चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल लाया गया, जहां जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों में रामशरण दास, अजित कुमार टोप्पो, सोनवाने प्रतिक, स्वीट बोरो, मिरंजन, गणेश व सुनील लुगुन शामिल हैं। इनमें से एक जवान का हाथ टूट गया है, तो एक का पैर। अन्य को शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है।

डालसा सचिव ने किया घाटशिला जेल का निरीक्षण

JAMSHEDPUR : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने बुधवार को घाटशिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में कैदियों से मिले और जेल प्रशासन द्वारा दिए जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कैदियों के अधिकार व जेल मैन्युअल के बारे में विस्तार से उन्हें जानकारी भी दी। इसके अलावा डालसा के कार्य व उसके उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। जेल निरीक्षण के दौरान डालसा सचिव के साथ जेल सुपरिन्टेंडेंट अजय कुमार प्रजापति सहित अन्य उपस्थित रहे।

भरतमुनि जयंती पर गीत संगीत व नृत्य ने मोहा मन

कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. रागिनी भूषण ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : संस्कार भारती ने बुधवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में भरतमुनि की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में नूपुर गोस्वामी उपशास्त्रीय (गीत), अग्रिमा मिश्रा -भरतनाट्यम (नृत्य) सोच बदलो, देश बदलो-लघु नाटक संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल, खासमहल, अनुष्का-भरतनाट्यम, राजेंद्र साह 'राज-चैती गीत व संतोष कुमार-चैती गीत की प्रस्तुतियों ने सभागार में दर्शकों का मन मोह लिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. दिव्येंदु त्रिपाठी ने आचार्य भरतमुनि का जीवन वृत्त व थियेटर की चर्चा कर सभा सदस्यों के सम्मुख रखा। विशिष्ट अतिथि संस्था की चित्रकला एवं सिनेमा संयोजक पूरबी घोष ने संत रविदास को भी याद किया। डॉ. स्नेहलता सिन्हा व डॉ. लक्ष्मी झा का उद्बोधन प्रशंसनीय रहा।

मुखियाडांगा से सिमुलडांगा तक सड़क चौड़ी करने की मांग

JAMSHEDPUR : देवघर पंचायत के ग्रामीणों ने बुधवार को डीसी, एसडीओ और मानगो सीओ को ज्ञापन सौंपकर मुखियाडांगा चौक से देवघर होते हुए सिमुलडांगा चौक तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने और चौड़ी करने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि नेशनल हाईवे की इस सड़क से नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी, संत एंथोनी स्कूल और आरवीएस इंजीनियरिंग कॉलेज की बसें और निजी वाहन आते-जाते हैं। स्कूल टाइम में सड़क संकीर्ण होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो मेडिकल इमरजेंसी में जानलेवा हो सकती है। लोगों द्वारा सड़क से सटाकर घर, छज्जा, दुकान आदि बनाया जा रहा है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो रही है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को प्रभावित करता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी परेशानी का कारण है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के दोनों ओर 5-5 फीट चौड़ा कर सड़क का निर्माण किया जाए, जिससे यातायात की सुविधा बढ़ सके और स्थानीय लोगों को परेशानी से मुक्ति मिल सके उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रशासन उनकी मांग पर जल्द से जल्द ध्यान देगा और सड़क का निर्माण शुरू करेगा।

रेलवे प्रशासन जब-जब खोल रहा था ट्रेन, तब-तब यात्री कर रहे थे चेन पुलिंग, टाटानगर में बदला गया कोच

कामाख्या एक्सप्रेस की एसी खराब, यात्रियों ने किया हंगामा

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर डाउन एलटीटी कामाख्या एक्सप्रेस के यात्रियों ने एसी खराब होने के कारण खूब हंगामा किया। यात्रियों का आरोप था कि पहले से ही ट्रेन देरी से चल रही थी।ऊपर से एसी की खराबी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी। शिकायत करने के बावजूद रेलवे अधिकारी समस्याओं के समाधान की बजाय टालमटोल कर रहे थे।

यात्रियों के अनुसार ट्रेन जब एलटीटी से रवाना हुई थी। तभी से बी-6 कोच का एसी खराब था। मुंबई से राउरकेला तक यात्रियों को बिना एसी के ही सफर करना पड़ा। कई बार शिकायत करने के बावजूद रेलवे प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस लापरवाही से आक्रोशित यात्री दोपहर करीब 2 बजे राउरकेला स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन से उतरकर प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शन करने लगे। यात्रियों का कहना था कि इतनी लंबी दूरी तक एसी खराब रहने के बावजूद रेलवे प्रशासन को इसे ठीक करा लेना चाहिए था।

रेलवे स्टेशन पर हंगामा करते यात्री ● फोटोन न्यूज

हंगामे की सूचना मिलते ही स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कर्मी पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने यात्रियों को समझाने की कोशिश की। लेकिन नाराज यात्रियों ने किसी की नहीं सुनी।इसी बीच, ट्रेन चालक ने गाड़ी स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन यात्रियों ने हर बार चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रेलवे प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में रेलवे अधिकारियों के आश्वासन पर ट्रेन रवाना हुई और टाटानगर रेलवे स्टेशन पर कोच बदला गया। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने बताया की टाटानगर में ट्रेन के खराब कोच बी-6 को बदला जाएगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

टाटा-राउरकेला व टाटा-इतवारी कल तक रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में विकासात्मक कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेन रद्द की गई है। रेलवे के सर्कुलर के मुताबिक ट्रेन नंबर- 68043/68044 टाटानगर -राउरकेला-टाटानगर मेमू को बुधवार से शुक्रवार तक रद्द किया गया है। इसके साथ ही ट्रेन नंबर-18109/18110 टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस गुरुवार और शुक्रवार को अप-डाउन रद्द रहेगी। इसके साथ ही ट्रेन नंबर - 22861 हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस गुरुवार को हावड़ा से रेगुलेट होकर चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6.30 बजे के बजाए सुबह 9 बजे खुलेगी।

चतरा बुरु में पूजा के लिए तीन राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु

पूजा के दौरान उमड़े श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड के आसना पंचायत में कुदाकोचा स्थित चतरा बुरु में बिदु चांदान की पूजा के लिए तीन राज्य के श्रद्धालु बुधवार को पहुंचे। नायके बाबा राजेश टुडू के नेतृत्व में पूजा अर्चना कराई गई। भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थी। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण मुर्मू ने बताया कि पं. रघुनाथ मुर्मू सन 1962 में ओल चिकी लिपि के प्रचार प्रसार के लिए ओडिशा से बंगाल जाने के क्रम में चतरा बुरु रुके थे। यहां एक सप्ताह तक तप किए, तब से चतरा बुरु में बिदु चांदान की पूजा प्रारंभ हुई। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण मुर्मू, सचिव सुरजू मुर्मू, शंकर मार्डी, दुबराज टुडू, माधा मुर्मू, शरबत मुर्मू, महारानी मुर्मू, छोटा भुजंग टुडू, काले मुर्मू, नारान मुर्मू, राम किशोर मुर्मू, शैलेन मुर्मू, बोयोल मुर्मू, जितराय मुर्मू,भादो माण्डी आदि भी शामिल थे।

वैलेंटाइन डे पर पार्टनर के साथ इन जगहों पर घूमने जाएं, ट्रिप रहेगी यादगार

फरवरी का महीना लव बर्ड्स के लिए बेहद खास माना जाता है। फरवरी महीने को प्यार का महीना कहा जाता है। इस दौरान लोग अपने पार्टनर के साथ घूमने का प्लान बनाते है। यदि आप भी कहीं जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आप इन रोमांटिक जगहों पर जरुर जाएं। यह ट्रिप आपकी बेहद यादगार रहेगी।

फरवरी का महीना प्यार महीना कहा जाता है। इस महीने में वैलेंटाइन डे आता है, जो कि कपल इसे सेलिब्रट करते हैं। कुछ ही दिनों में वैलेंटाइन वीक शुरु हो जाएगा। इस खास महीने में लव बर्ड्स कहीं न कहीं घूमने का प्लान जरुर बनाते हैं। अगर आप भी फरवरी में अपने पार्टनर के साथ छुट्टियां बिताना चाहते हैं और घूमने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आइए आपको बताते हैं कि आप किस रोमांटिक प्लेस पर घूमने जा सकते हैं।

दार्जिलिंग

फरवरी के महीने में घूमने के लिए सबसे बढ़िया डेस्टिनेशन है दार्जिलिंग। यह पश्चिम बंगाल में स्थित है, जो कि चाय के बागानों से घिरी हुई है। यहां पर टाइगर हिल में एक टॉय ट्रेन चलती है इसमें बैठकर आप सुंदर पहाड़ियों का नजारा देख सकते हैं। वैलेंटाइन डे सेलिब्रेशन के लिए यह जगह काफी अच्छी है।

महाबलेश्वर

अगर आप भी पार्टनर के साथ फरवरी में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह एक अच्छी डेस्टिनेशन में से एक है। यह जगह हरे-भरे प्रकृति और सुकून भरे मौसम के साथ ही पहाड़ों के नजारे देख सकते हैं। झरने और झील देख सकते हैं। मुंबई के पास इस जगह पर लोग वीकेंड पर जाना काफी पसंद करते हैं।

गोवा

अगर आप फरवरी में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप अपने पार्टनर के साथ गोवा जा सकते हैं। यहां पर आप समुद्र के किनारे सनसेट का मजा ले सकते हैं। यहां पर घूमने कई जगहे हैं। गोवा में आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं और आप समुंद्र किनारे अपने पार्टनर के साथ सुकून के पल बिता सकते हैं।

हम्पी

खूबसूरत नजारे के लिए हम्पी काफी फेमस है। यूनेस्को की विश्व धरोहर मानी जाने वाली यह जगह एक हनीमून के लिए भी सबसे बढ़िया है। यहां पर केले के बागान और बिखरी पहाड़ियां हम्पी शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक हो सकती हैं। हम्पी में घूमने के लिए काफी जगहें है।

ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है येलागिरी

येलागिरी की प्रमुख आकर्षणों में से एक येलागिरी झील है, जहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। इस झील के चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है, जो पर्यटकों को विश्राम और शांति का अहसास कराती है।

येलागिरी, तमिलनाडु राज्य का एक छोटा सा पर्वतीय स्थल है, जो चित्ताकर्षक प्राकृतिक दृश्यावलियों, शांतिपूर्ण वातावरण और रोमांचक पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो शहरी हलचल से दूर शांतिपूर्ण जगहों की तलाश में रहते हैं। यहां के हरे-भरे पहाड़, खूबसूरत झीलें और सुरम्य ट्रैकिंग रूट्स पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं येलागिरी के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

1. येलागिरी झील

येलागिरी की प्रमुख आकर्षणों में से एक येलागिरी झील है, जहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। इस झील के चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है, जो पर्यटकों को विश्राम और शांति का अहसास कराती है। यहां बच्चों के खेलने के लिए पार्क भी हैं, जो इसे परिवारों के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है।

2. स्वामीमलई हिल्स

स्वामीमलई हिल्स येलागिरी की सबसे ऊंची चोटी है और यहां ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है। ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है, क्योंकि यहां की चढ़ाई आपको अद्वितीय दृश्य और प्रकृति के नज़ारे प्रदान करती है। इसके ऊपर से आसपास के इलाके का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

3. पंगलिंगम झरना

येलागिरी के पंगलिंगम झरने में गिरते हुए पानी की आवाज़ और ठंडी हवा पर्यटकों को ताजगी का एहसास कराती है। यह झरना प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए एक आदर्श स्थल है। यहां पहुंचने के लिए कुछ ट्रैकिंग भी करनी पड़ती है, जो इस स्थान को और भी रोमांचक बनाती है।

4. जैन मंदिर

येलागिरी में स्थित जैन मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित है और यहां के दर्शन करने से एक अलग ही अनुभव मिलता है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता है।

5. विलियानुर झरना

यह झरना येलागिरी के पास स्थित एक और लोकप्रिय स्थान है। यहां पर गिरते पानी के झरने के साथ-साथ आसपास की हरी-भरी वादियों का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है। इस झरने के पास घूमने और प्रकृति के नजारे का आनंद लिया जा सकता है।

6. येलागिरी पार्क

यह पार्क येलागिरी झील के पास स्थित है और यहां आप परिवार के साथ पिकनिक का आनंद ले सकते हैं। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल विशेष रूप से परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

7. अक्टिविटी और एडवेंचर स्पोर्ट्स

येलागिरी में कई एडवेंचर एक्टिविटीज़ भी होती हैं, जैसे पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग आदि। इन गतिविधियों के माध्यम से आप प्रकृति के करीब जाकर रोमांचक अनुभव ले सकते हैं।

8. जंगल सफारी

अगर आप जंगल और वन्यजीवों के प्रेमी हैं, तो येलागिरी के आस-पास के जंगलों में सफारी का अनुभव भी ले सकते हैं। यहां के घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के पक्षी और जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं।

9. सूर्योदय और सूर्यास्त दृश्य

येलागिरी के पहाड़ों से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत अद्भुत होता है। यहां के पहाड़ी इलाकों में सूरज के निकलने और ढलने के समय के दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं, तो यह दृश्य आपके लिए यादगार होगा।

येलागिरी एक शांति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर स्थल है। यहाँ का वातावरण, झीलें, झरने, पहाड़ और ट्रैकिंग रूट्स आपको शांति और रोमांच का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हैं। यदि आप एक यात्रा प्रेमी हैं और प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाना चाहते हैं, तो येलागिरी एक बेहतरीन गंतव्य हो सकता है।

इस सुरम्य पहाड़ी स्थल पर यात्रा करते हुए आप न केवल अपनी मानसिक शांति को पुनः प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि एक अद्भुत अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं।

कोलकाता की इन 3 जगहों पर सेलिब्रेट करें बर्थडे, खास और यादगार बन जाएगा दिन

किसी खास जगह पर जाकर बर्थडे मनाकर लोग इसको एक यादगार पल बनाना चाहते हैं। हम सभी बर्थडे के दिन को खास बनाने के लिए खास लोकेशन की तलाश करते हैं। अपने किसी खास के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करना सबसे अनोखा एहसास होता है। कुछ लोग अपने परिवार या पार्टनर के साथ समय बिताने के लिए किसी सुकून देने वाले जगह पर जाना पसंद करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कोलकाता की कुछ ऐसी फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्थडे पार्टी प्लान कर सकते हैं।

प्रिंसेप घाट

हुगली नदी के किनारे प्रिंसेप घाट का दृश्य और शांति से भरा माहौल आपके जन्मदिन को यादगार बना देगा। प्रिंसेप घाट की सुंदरता और ताजगी बर्थडे पार्टी के लिए बेस्ट हो सकती है। अगर आप अपने बर्थडे को अधिक यादगार बनाना चाहते हैं, तो आपको यहां पर सनसेट का दृश्य देखते हुए बर्थडे पार्टी इंजॉय कर सकते हैं। यह जगह सिर्फ दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी ज्यादा सुंदर और बेहतरीन हो जाती है। कोलकाता की यह फेमस जगह घूमने के लिए काफी अच्छी है।

पार्क स्ट्रीट

अगर आप भी कोलकाता में बर्थडे पर घूमने के लिए पार्ट स्ट्रीट जाने का प्लान कर सकते हैं। यह कोलकाता के सबसे स्टाइलिश पर्यटक आकर्षणों में से एक है। जोकि फूड स्ट्रीट और नाइट लाइफ हब के लिए फेमस है। अक्सर लोगों को बर्थडे पार्टी राय या शाम के समय प्लान करना पसंद होता है।

इलियट पार्क

बता दें कि इलियट पार्क बैठने और आराम करने के लिए काफी अच्छी जगह है। शहर के केंद्र में स्थित यह पार्क बेहद शांत और हरा-भरा है। यहां का शांतिपूर्ण वातावरण आपका दिल जीत लेगा। बर्थडे पार्टी के लिए आप इस जगह का चयन कर सकते हैं। आप यहां पर घंटों समय बिता सकते हैं। यह पार्क दोपहर में 1 बजे से 4 बजे तक खुला रहता है। ऐसे में आप इस बीच यहां आ सकते हैं। यह कोलकाता का सबसे सुंदर पार्क है। वहीं यह पार्क बच्चों के साथ घूमने के लिए बेहद अच्छी जगह है।

स्वर्ग से भी सुंदर इस जगह पर मिलेगा मानसिक सुकून, रहने-खाने में नहीं खर्च होंगे हजारों रुपए

आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर होने के साथ ही आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट आपको मानसिक सुकून देगा।

घर और ऑफिस की जिम्मेदारी संभालने के कारण लोग मशीन की तरह काम करते हैं। ऐसे में इस व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करने के चक्कर में लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। कई बार लोग काम का इतना ज्यादा प्रेशर ले लेते हैं कि शरीर थक जाता है और दिमाग काम करना बंद कर देता है। ऐसे में आपको फौरन एक ब्रेक लेना चाहिए। क्योंकि यह ब्रेक आपको मानसिक शांति देने के साथ अंदर से हील करने का काम करता है।

इसलिए आपको काम से ब्रेक लेकर किसी ऐसी जगह जाना चाहिए, जहां पर आप खुलकर सांस ले सकें और शांति व सुकून का अनुभव कर सकें। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर हो और आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। दरअसल हम एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे विश्व भर से लोग योग सिखने के लिए आते हैं। यह जगह और कोई नहीं बल्कि ऋषिकेश है। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट और चारों ओर योग व आध्यात्म का नजारा आपको मानसिक सुकून देने का काम करेगा।

इस तरह करें ऋषिकेश जाने की प्लानिंग

दिल्ली से ऋषिकेश जाने के लिए आपको कई बस और ट्रेन मिल जाएंगी। बसों का किराया 300-400 रुपए के बीच होता है। इसके साथ ही ट्रेन के टिकट की कीमत भी करीब-करीब इतना ही होगा।

लोकल ट्रांसपोर्ट

दिल्ली से ऋषिकेश जाकर प्राइवेट कार या फिर कैब के इस्तेमाल की जगह लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। प्राइवेट कैब जहां आपको 200-300 रुपए खर्च करने होंगे। तो वहीं लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर आपका खर्चा 40-50 रुपए ही आएगा। बता दें कि आपको ऋषिकेश बस स्टॉप से कई लोकल ट्रांसपोर्ट मिल जाएंगे।

आश्रम में रहें

आप ऋषिकेश में होटल की जगह हॉस्टल में स्टे करें। हॉस्टल की शुरूआत 500 रुपए से होती है। अगर आप राम झूला के पास हैं, तो आपको यहां पर कई आश्रम मिल जाएंगे।

स्ट्रीट फ़ूड का लें मजा

अगर आप चाहें तो राम झूला के पास या लक्ष्मण झूला के पास खाने-पीने के लिए आपको महंगे से लेकर बजट तक में कई पैकेज मिल जाएंगे। आप यहां पर स्ट्रीट फूड का भी मजा ले सकते हैं। आपको यहां पर 100 रुपए में खाने-पीने को काफी कुछ मिल जाएगा।



निराश करती है जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में देरी

ललित गर्ग

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे।

वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दशार्ता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और ह्यदिल्ली इलेक्शन वाचह्न ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। यह स्थिति समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न की संस्कृति को प्रोत्साहित करती है और भावी जनप्रतिनिधियों के लिये एक गलत उदाहरण प्रस्तुत करती है। वैसे तो भारत का लोकतंत्र बड़े-बड़े बाहुबली एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं के शर्मनाक कृत्यों का गवाह रहा है, बार-बार शर्मसार हुआ है। यही कारण है कि राजनीति का चरित्र गिर गया और साख घटती जा रही है।

इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनको आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आप ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया। नेताओं की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बड़ा संकट है। आदर्श लोकतंत्र एवं समाज व्यवस्था का निर्मित करने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं पर है, जिनका चरित्र एवं साख मजबूत होना जरूरी है। दुःखद स्थिति है कि भारत अपनी आजादी के अमृत काल तक पहुंचते हुए भी स्वयं को ईमानदार नहीं बना पाया, चरित्र सम्पन्न राष्ट्र नहीं बन पाया।

(लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संपादकीय

महाजाम की जटिल व्यवस्था

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी करोड़ों श्रद्धालू पवित्र स्नान के लिए उमड़.रहे हैं। 144 साल बाद पड़.रहे इस महाकुंभ में आने के रास्तों में महाजाम लग गया है। तीन सौ किमी. लंबे जाम को दुनिया का सबसे बड़ा जाम बताया जा रहा है। यह विशेष पर्व ज्यों-ज्यों अपने आखिरी पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, श्रद्धालुओं में इसका आकर्षण बढ़ता जा रहा है। वाराणसी से प्रयागराज के मार्ग पर दस किमी. लंबा जाम है। रींवा-चित्रकूट से आने वाले मार्ग पर तकरीबन सत्रह किमी. तो भदोही से प्रयागराज पहुंचने वाले रास्ते पर पंद्रह किमी. और मिजार्पुर से आने वाले मार्ग पर बारह किमी. का महाजाम लगा है। जिला व पुलिस प्रशासन के सारे दावों की धज्जियां उड़ाने वाले इस जाम में फंसे प्यासे-भूखे और परेशान लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है। बिखलते नन्हे बच्चों और बीमार-बुजुर्गों के परिवार रेंगते वाहनों में ट्रैफिक अरेस्ट से जूझने को मजबूर हैं। फ्रांस में भारी बर्फबारी के चलते 1980 में 175 किमी. लंबे जाम को सबसे बड़े.जाम के रूप में याद किया जाता है। 2010 में बीजिंगझतिब्बत हाईवे पर लगे सौ किमी. के जाम से निकलने में दस दिन लग गए थे। मगर यह न तो प्राकृतिक आपदा है, न ही अचानक लगा जाम है। सरकारी दावों और व्यवस्था को लेकर तमाम प्रचार के खोखलेपन का उपहास बन रहा है। भगदड़. और बार-बार आग लगने के पीछे लापरवाही छिपी नहीं है। लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, आजमगढ़ से अयोध्या की तरफ जाने वाली सड़कों पर भी यातायात बुरी तरह प्रभावित है। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन कोआवागमन के लिए बंद करने के आदेश को अफरातफरी के बाद इसे अफवाह ठहरा कर लीपापोती की गई। जाहिर है, इससे यात्रियों को भारी असुविधा होती है। स्थानीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों पर बात नहीं हो रही है जबकि उनकी दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, उन्हें घरबंदी में जीना पड़.रहा है। शहर और सड़कों की क्षमता का अनुमान लगाए बगैर भव्य आयोजन और करोड़ों की धन राशि उड़ाने का उद्देश्यहीन योजना की जितनी निंदा की जाए कम है। श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कतों को बरगलाने और छद्म प्रचार से महाकुंभ के साथ महाजाम के संगम को झुठलाने से हकीकत को बदला नहीं जा सकता।

चिंतन-मनन

आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश



प्रमोद भार्गव

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है।

जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है। यदि कोई चाहे कि केसरिया वस्त्र पहनने से भौतिक जगत के आकषर्ण से विच्छेद हो जाएगा, तो ऐसा संभव नहीं है। उसे भगवद्भक्ति के प्रति आसक्त होना पड़ेगा। यहां परमं मम शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में जगत का कोना-कोना भगवान की सम्पत्ति है, परंतु दिव्य जगत परम है और छह ऐयरे से पूर्ण है। कठोपनिषद् में भी इसकी पुष्टि की गई है कि दिव्य जगत में सूर्यप्रकाश, चन्द्र प्रकाश या तारागण की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि समस्त आध्यात्मिक आकाश भगवान की आन्तरिक शक्ति से प्रकाशमान है। उस परम धाम तक केवल शरणागति से ही पहुंचा जा सकता है, अन्य किसी साधन से नहीं।

ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख



सनत जैन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटिक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे। अमेरिका अभी दुनिया का बादशाह बना हुआ है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की बादशाहत खतरे में पड़ जाएगी। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही इसके परिणाम अमेरिका को भोगना पड़ सकता है। जिस तरह से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत हुई है। उसके बाद कहा जाने लगा है, जिस तरह से सोवियत रूस, रेत के महल की तरह भरभरा कर गिरा था। उसी स्थिति में अब अमेरिका ने सफर शुरू कर दिया है।

नक्सलवाद : निर्णायक लड़ाई में आगे बढ़ रहा देश

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। डिस्ट्रिक रिजर्व गॉर्ड, एसटीएफ और बस्तर योद्धाओं के संयुक्त दल ने इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में 31 नक्सली मार दिए। बीजापुर में सात दिन में यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले गंगालूर क्षेत्र में 2 फरवरी को 8 नक्सली मारे गए थे। इसी तरह 4 अक्टूबर 2024 को सुरक्षा बलों ने अबूझमाड़ के थुलथुली में 38 नक्सलियों को मार गिराया था, लेकिन अब नक्सलियों को बालों लगातार चुनौती मिल रही है। नक्सलियों का दमन हो रहा है।

केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। बावजूद नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, घातक हथियार, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। उधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने भी दो टूक कह दिया है कि या तो नक्सली समाज से जुड़ जाएं या खात्मे के लिए तैयार रहें। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुष्किल होता है, लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। बावजूद कांग्रेस के इन्हीं नक्सली क्षेत्रों से ज्यादा विधायक जीतकर आते रहे हैं। हालांकि नक्सलियों ने कांग्रेस पर 2013 में बड़ा हमला बोलकर लगभग उसका सफाया कर दिया था। कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा ने नक्सलियों के विरुद्ध 'सलवा जुडूम' को 2005 में खड़ा किया था। सबसे पहले बीजापुर जिले के ही कुर्तु विकासखण्ड के आदिवासी ग्राम अंबेली के लोग नक्सलियों के खिलाफ खड़े होने लगे थे। नतीजतन नक्सलियों की महेन्द्र कर्मा से ठन गई। इस हमले में कर्मा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और हरिप्रसाद समेत एक दर्जन नेता मारे गए थे, लेकिन कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में अपनी खोई शक्ति फिर से हासिल कर ली थी, बावजूद नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा अब फिर सत्ता में है। उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है।

दरअसल, देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की। माओवादियों के खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है, लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगाता दिखाई दे रहा है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Flawed policies have ravaged Manipur

Manipur Chief Minister N Biren Singh, who is under scrutiny for his alleged role in inciting the violence that has plagued the state over the past 21 months, resigned on February 9 following a meeting with Union Home Minister Amit Shah. The prolonged unrest has not only led to rape, murder and destruction of property on a large scale but also scarred the psyche of the Manipuri people.

The startling quandary of the situation came to the fore recently when Shah claimed that the North-East was once “known for terrorism, infiltration, blockade, drugs, armed trafficking, corruption and national disturbances.” He added that “today, it is known for development, connectivity, infrastructure, education, investment and agriculture development.” He also highlighted the fact that Central ministers had visited the region over 700 times during the past decade. Virtually addressing an event where appointment letters were given to youths in Agartala (Tripura), he claimed that PM Narendra Modi as well as the Union and state governments were fully committed to Tripura’s welfare. There was no word on a similar commitment to Manipur’s welfare.Shah earlier met the CM’s critic, Panchayati Raj Minister Y Khemchand Singh, and Manipur Assembly Speaker Thokchom Satyabrata Singh. Party MLAs had unequivocally told Satyabrata that more than two-thirds of them were not happy with the current leadership. Calling the turmoil intolerable, they said they could not wait anymore and were going to make some move in the interest of the public and the state. Laying emphasis on the restoration of peace and normalcy, they threatened that something big and unprecedented would happen during the upcoming Assembly session if course correction was not done before that (the session, which was set to commence on February 10, was eventually declared null and void in the wake of Biren’s resignation). They also contradicted Shah, who had said in Tripura’s context that 2,800 youths getting jobs was an epochal event.

The disquiet and violence since May 2023 repeatedly raised doubts about Biren’s leadership, but the party high command, including the PM and the Home Minister, were not inclined to remove him. In the meantime, bickering within the state party unit kept growing. Ten Kuki-Zo MLAs declared their intent to boycott the Assembly session. The BJP’s allies, the Naga People’s Front and the Janata Dal (United), withdrew support from the state government. Taking advantage of the political crisis, the main Opposition party, the Congress, planned to move a no-confidence motion during the session. The report of the recently appointed Governor Ajay Bhalla, who recently superannuated as Union Home Secretary and is well aware of both the political as well as the law and order situation, must have played a key role in the matter.Things took an intriguing turn when Biren was accused of having played a role in inciting ethnic violence. The Kuki Organisation for Human Rights Trust moved the Supreme Court, alleging that there were audio tapes that established the CM’s complicity. The SC has referred the tapes to the Central Forensic Science Laboratory (CFSL), giving it six weeks to submit a report. Meanwhile, an analysis conducted by Truth Labs Forensic Services, a private non-profit organisation, has revealed that there is “93 per cent probability” that the voice in the leaked tapes is of Biren.If the CFSL report matches the Truth Labs findings, it will have a huge impact not only on the politics of the state but also at the national level. Biren had been acting at the instance of the BJP high command and the Union Government, which was clear from the fact that despite the carnage that stirred the national conscience, neither the party nor the Centre showed any inclination to remove him — till their leaders’ heads could no longer remain above water.

Apart from exerting pressure to get him removed, the Opposition planned an attack on the Central BJP leadership, even as Biren pursued the Modi-Shah politics of Hindutva and unified the Meiteis under this umbrella, while the RSS played a role too

How promises to clean Yamuna can translate into action

If all the STPs and CETPs in Delhi were to function as designed and planned, the state of the Yamuna would massively improve in the city.

THE Yamuna river figured prominently in the just-concluded Delhi Assembly elections. After the BJP's victory, Prime Minister Narendra Modi assured Delhi that the new government would make every effort to clean the river. "It may be a long haul, but Mother Yamuna will surely bless our efforts," he said. Will this help the cause of the river?There is a lot that the Delhi government can do to improve the state of Yamuna. Flow and connectivity are the defining characteristics of any river. The Delhi government can work to ensure that the Yamuna has sufficient freshwater flow downstream from the Wazirabad barrage, where there is none today.

There is also a need to improve the different kinds of connectivity that define the river: longitudinal (between upstream and downstream at various points within Delhi); lateral (between the river and its tributaries and the floodplains); and vertical (for groundwater recharge).On the pollution front, three key areas that need attention are: sewage treatment and performance of sewage treatment plants (STPs); performance of central effluent treatment plants (CETPs) to treat industrial effluents; and proper management of solid waste since a lot of solid waste ends up in rivers when not managed properly.But the Yamuna exists beyond Delhi and the state of the river upstream and downstream has an impact on the state of the river within Delhi. So, for all the above issues, Delhi needs to work with the upstream and downstream states.The Central government has a huge role to play here. The way the Centre deals with the river has a bearing on each of the above aspects of Yamuna. Since the Yamuna is the biggest tributary of the Ganga, the National Mission for Clean Ganga can make a huge impact on its fate. So too can the Union Ministry of Environment and Forests, Jal Shakti Ministry — including the Central Water Commission and the Upper Yamuna River Board — the Union Ministry of Housing and Urban Affairs (which has the Delhi Development Authority under it) and the Central Pollution Control Board. Unfortunately, these central agencies have not performed well enough to give the Yamuna a new lease of life in Delhi.

